





नवभारत 04
इंदौर, शनिवार, 11 जुलाई, 2026


## एक नजर में

### सिविल हॉस्पिटल में विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश



**मंडलेश्वर, निप्र ।** मंगल मूर्ति विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश अब सिविल अस्पताल मंडलेश्वर मे मरीजों के कस्ट हरण के लिए विराजित हो गए है। गुरुवार शुभ मुहूर्त मे गणेश जी को धार्मिक अनुष्ठान के साथ विराजित किया गया। पंडित शुभम जोशी ने विघ्नहर्ता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि सम्पन्न कराई। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ विशाल बामनिया, डॉ दुर्गेन्द्र सोलंकी, डॉ राकेश पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सहित नगर के गणमान्य, हॉस्पिटल स्टॉफ, मरीज और उनके अटेंडर उपस्थित रहे। हॉस्पिटल मे प्रवेश द्वार के सामने की दीवार पर गणेश जी की प्रतिमा नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने उपलब्ध कराकर प्राण प्रतिष्ठा विधि करवाई है। विश्वदीप मोयदे ने बताया की नव निर्मित सिविल हॉस्पिटल नगर के लिए एक बड़ी सौगात है लेकिन यहाँ एक देवस्थान की कमी खल रही थी जो आज पूरी हो गई। वैसे तो डॉक्टर को भी भगवान का रूप माना जाता है जब व्यक्ति बीमार होता है या कोई दुर्घटना का शिकार हो जाता है तब वह हॉस्पिटल मे भर्ती होता है जहाँ उसकी धार्मिक आस्था को पूरी करने के लिए मंदिर की जरूरत होती है संकट के समय जब व्यक्ति भगवान को याद करता है तो उसकी प्रार्थना मे एक अलग ही श्रद्धा आस्था और भक्ति का भाव होता है इसलिए भगवान उनकी सुनता है और वह निरोगी होकर हॉस्पिटल से घर जाता है।

### भूरिया बने जयस ब्लॉक कसरावद अध्यक्ष

**कसरावद, निप्र ।** कृषि उपज मंडी प्रांगण, कसरावद में आयोजित जयस की बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद भूरिया को जयस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए समाजहित एवं संगठन के उद्देश्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जयस जिला अध्यक्ष सचिन सिसोदिया, जयस मीडिया प्रभारी सोमल चौहान, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष रंजीत सिंह मण्डलोई, पूर्व जयस अध्यक्ष कपिल खराड़े, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार मोहरे, आकास ब्लॉक अध्यक्ष नानसिंह मण्डलोई, जयस जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष भावेश खरते, जयस जिला संरक्षक सुभाष पटेल, सूर्या धारवे, सामाजिक सलाहकार उमेश ठाकुर, जयस जिला सलाहकार राजेन्द्र पंवार, शंकर मेणा, अर्जुन चौहान, गोलू गिरवाल, कृष्णा वास्कले, जितेन्द्र मोरे, राजेन्द्र वसुनिया, विशाल गुड़िया, रवि मालविया तथा प्रविण मोहने, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### लव जिहाद-लैंड जिहाद के खिलाफ आक्रोश रैली



**सनावद, निप्र ।** लव जिहाद और लैंड जिहाद की बढ़ती घटनाओं के विरोध में सकल हिंदू समाज के हजारों गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा सड़क पर उतरे। हिंदू समाज के हजारों नागरिक मुरली मनोहर मंदिर परिसर में एकत्रित होकर रैली के रूप में नगर में निकले। रैली के प्रारंभ में संतश्री त्यागी जी बापू ने रैली को संबोधित किया और हिंदू समाज को लव जिहादियों और लैंड जिहादियों से सावधान रहने का आव्हान किया। रैली में शामिल नागरिकों ने लव जिहाद और लैंड जिहाद के विरुद्ध जम कर नारेबाजी की और धर्मांतरण और भूमि अतिक्रमण का सुनियोजित षड्यंत्र रच रहे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की। रैली नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से गुजरी। लव जिहाद और लैंड जिहाद के विरोध में हिंदू समाज के नागरिकों ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखे। बजरंग दल के विभाग संयोजक जितेंद्र राठौर ने कहा कि नगर के कुख्यात लैंड जिहादी जुनेद शेख द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर खुला अतिक्रमण किया जा रहा है और हिंदू समाज के नागरिकों को आतंकित किया जा रहा है। वक्ताओं ने इस लैंड जिहादी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की मांग की। इस लैंड जिहादी के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही नहीं किए जाने पर खरगोन जिला बंद का आव्हान किया जाएगा। अभी हाल ही में हिंदू समाज की एक बालिका को बहकाने के आरोप में जुनेद का पुत्र माहिम शेख भी फिलहाल जेल में बंद है। वक्ताओं ने हिंदू समाज की बालिकाओं और युवतियों को आत्मरक्षा के लिए कटार साथ में रखने का सुझाव दिया।

### विधायक मेव की कावड़ यात्रा को लेकर बैठक



**महेश्वर, निप्र।** नगर की यमुना कुंज धर्मशाला में विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में निकलने वाली विशाल कावड़ यात्रा को लेकर तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में महेश्वर तहसील के विभिन्न गांव के पदाधिकारी माहिष्मती बोलबम कावड़ यात्रा को संचालित करने वाले पदाधिकारी साधु संत तथा कई कावड़ यात्री। कावड़ यात्रा की पूर्व तैयारी को लेकर आयोजित 17वें वर्ष की कावड़ यात्रा के दौरान जगन्नाथ मंदिर के महंत संत हृदयगिरी महाराज के मुख्य आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान माहिष्मती बोलबम कावड़ यात्रा के संयोजक विधायक राजकुमार मेव ने संबोधित करते हुए कहा कि कावड़ यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म की जन जागृति पर्यावरण सुरक्षा सभी हिंदू एक हैं संतो की अमृत वर्षा जैसे सामाजिक और धार्मिक उद्देश्यों को लेकर आयोजित की जा रही है साथ ही महेश्वर विधानसभा के साथ पूरे प्रदेश की जनता सुख समृद्धि और शांति के साथ रहे। बैठक के दौरान विधायक राजकुमार मेव के दोनो पुत्र युवराज मेव और यशराज मेव ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। दोनों युवाओं ने सनातन संस्कृति की महत्ता, युवा शक्ति के दायित्व और कावड़ यात्रा के ऐतिहासिक सफर पर ऐसा ओजस्वी व तार्किक वक्तव्य दिया कि पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंज उठा। विधायक मेव के दोनों राजकुमारों ने महेश्वर क्षेत्र के निवासियों से इस कावड़ यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीताराम ठाकुर, रमेश मित्तल, कपूर चंद पाटीदार, सिंधु जोशी, यात्रा प्रभारी हरि अग्रवाल विक्रम पटेल ने भी संबोधित किया।

# कीचड़ भरी रोड से स्कूल जाने को मजबूर छात्र

## कुम्हार खेड़ा कुकड़ोल सड़क निर्माण की मांग करते परेशान हो गए ग्रामीण



**बिस्टान, निप्र ।** भगवानपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले कुम्हारखेड़ा से कुकडोल 3 किलोमीटर सड़क की हालात बदहाल है इस सड़क के निर्माण को लेकर पिछले कई वर्षों से ग्रामीण एवं विद्यार्थी शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग करते आ रहे है लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है।

खरगोन से 10 किलोमीटर दूर विकास खंड गोगावां की हायर सेकंडरी स्कूल कुकड़ोल जहां कुम्हारखेड़ा से 35 से अधिक विद्यार्थी पढ़ने आते हैं। 3 किलोमीटर के इस मार्ग की हालात अत्यंत दयनीय है। पूरे मार्ग की बदहाली का आलम यह है कि इस मार्ग पर चलना दूभर है। स्कूल आने वाले बेटे -बेटियां कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल आते है। इस मार्ग को निर्माण के लिए पिछले 25 वर्षों से कुम्हारखेड़ा ,भसनेर सहित कुकडोल के लोगों ने सैकड़ो बार आवेदन जिला प्रशासन के साथ विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री को लिखे हैं, लेकिन अभी तक इस मार्ग के निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं हुई है। जनप्रतिनिधियों द्वारा चुनाव के समय इस सड़क के निर्माण को लेकर आश्वासन जरूर दिए जाते रहे हैं। बारिश के दिनों में इस 3 किलोमीटर के मार्ग की हालत इतनी दयनीय हो जाती है कि इस मार्ग पर चलना दुश्वार हो जाता है। कक्षा ग्यारहवीं की राजनंदिनी, खुशी, साक्षी, वैशाली, वंतराज एवं तरुण ने बताया कि सड़क की स्थिति बहुत खराब है । कक्षा दसवीं की वंशिका ,खुशी, रानी, संजना ,कृष्णा, नंदिनी, प्रियंका,रितिका, सलोनी, सारिका, रूपाली,प्रमिला, प्रदीप, अक्षत, अर्पित, आदर्श कृष्ण, आयुष, कुणाल, करण ,मोहित , एवं नैतिक ने बताया कि कीचड़ भरे रास्ते में चलने में बहुत दिक्कतें होती है। रोज कपड़े खराब हो जाते हैं, विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें शासन द्वारा निशुल्क साइकिल जरूर मिली है लेकिन साइकिल चलाना इस मार्ग पर आसान नहीं होता है, इसलिए वे पैदल ही स्कूल आते हैं। बच्चों को स्कूल आने में 1 घंटे का समय लग जाता है, इन विद्यार्थियों का कहना है कि हमारे पालकों द्वारा भी वर्षों से जनप्रतिनिधियों को इस सड़क के निर्माण को लेकर मांग की जाती रही है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। कुकडोल के अधिकांश लोगों के खेत इस मार्ग के किनारे पर है उन्हें भी अपनी उपज का माल लाने ले जाने में परेशानियां होती है । कुम्हारखेड़ा और कुकड़ोल के सरपंच आपसी तालमेल से बड़े बड़े गड्ढों में मुरूम या पत्थर डलवा देते हैं लेकिन बारिश के आते ही फिर सड़क बदहाल हो जाती है। स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा नवी की मयूरी, तेजल, पायल, बसकर, खुशी, वर्षा, रानी व अक्षय ने बताया कि एक और तो शासन बड़े-बड़े हाईवे, सड़कें एवं बाईपास सड़कों का निर्माण कर रही है वहीं कुम्हारखेड़ा से कुकडोल मात्र 3 किलोमीटर सड़क के निर्माण क्यों नहीं कर पा रही है समझ से परे है। बेटियों का कहना है कि कई लड़कियां आठवीं उत्तीर्ण के बाद इसलिए पढ़ाई छोड़ देती है की रास्ता खराब है । कुमारखेड़ा के भूतपूर्व सैनिक केप्टन सुरेश चौहान, राधेश्याम चौहान, प्रदीप सिंह चौहान,मोहन चौहान, रामसिंह चौहान, प्रहलाद सिंह चौहान, मुकेश चौहान, मदन चौहान, जगदीश चौहान, रोहित पटेल, घनश्याम पटेल, संतोष चौहान, कमलेश चौहान, राजेंद्र चौहान आदि ने बताया कि वह शासन प्रशासन से इस सड़क के निर्माण को लेकर मांग करते-करते थक गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा सांसद गजेंद्र पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, विधायक केदार सिंह डावर को ही कई बार अवगत कराया लेकिन उनके द्वारा हर बार सिर्फ आश्वासन दिया गए।

## केशब राय ने एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख के रूप में किया कार्यभार ग्रहण

**गोगावां, निप्र ।** एनटीपीसी खरगोन सुपर ताप विद्युत परियोजना के परियोजना प्रमुख के रूप में केशब चंद्र सिंहा राय, मुख्य महाप्रबंधक ने कार्यभार ग्रहण किया। विद्युत क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के समृद्ध अनुभव से परिपूर्ण राय ने अपने करियर की शुरुआत एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में की।



लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन की विभिन्न परियोजनाओं एवं प्रतिष्ठानों पर अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। एनटीपीसी में उनकी पेशेवर यात्रा की शुरुआत ऊंचाहार परियोजना से हुई, सन 1996 में, जहाँ उन्होंने प्रारंभिक वर्षों में कंट्रोल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन (सी एंड आई) अनुरक्षण विभाग में कार्य किया। इसके उपरांत उन्होंने रिहंद परियोजना में सी एंड आई अनुरक्षण एवं परिचालन (ऑपरेशन) दोनों क्षेत्रों में व्यापक अनुभव अर्जित किया। बाद में रामागुंडम परियोजना में परिचालन विभाग में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं।

वर्तमान दायित्व ग्रहण करने से पूर्व वे एनटीपीसी लारा में मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के रूप में कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने संयंत्र के परिचालन प्रदर्शन को सुदृढ़ बनाने तथा उत्कृष्टता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयंत्र परिचालन, अनुरक्षण तथा एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में नेतृत्व का व्यापक अनुभव रखने वाले श्री केशब चंद्र सिंघा रॉय अपने साथ तकनीकी विशेषज्ञता, दूरदर्शी नेतृत्व और समृद्ध प्रशासनिक अनुभव लेकर एनटीपीसी खरगोन से जुड़े हैं। राय के नेतृत्व में एनटीपीसी खरगोन परिचालन उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ करने, सतत विकास एवं पर्यावरणीय पहलों को नई गति देने तथा सामुदायिक विकास एवं संगठनात्मक प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाने के लिए तत्पर है।

## जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



**कसरावद, निप्र ।** नगर में आयोजित होने वाली भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के सफल, भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शुक्रवार को नगर के बड़ी माता मंदिर, में सकल हिंदू समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रथ यात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं जनसह भागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया।

बैठक में निर्णय लिया कि 16 जुलाई को सुबह 9 बजे भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर, पेशवाघाट, महेश्वर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लगभग 4 किलोमीटर का भ्रमण करेगी। यात्रा के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में श्रद्धालु भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे तथा उत्साहपूर्वक यात्रा में सहभागी बनेंगे। आयोजन समिति ने समस्त सनातन धर्मा वलंबियों से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में रथ यात्रा में शामिल होकर धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक एकता का परिचय देने का आह्वान किया। बैठक में सेवा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रचार-प्रसार तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से पंडित अभिषेक रावल, संतोष देपाले, सुरेंद्र राठौर, इंदरसिंह राठौर, सतेन्द्र यादव, राजेंद्र पाटीदार, कमल राठौड़, संजय लोनारिया, रणजीत नायक, सुनील नायक एवं प्रेमसिंह नायक उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का विश्वास व्यक्त किया।

## खरगोन में दस्तक अभियान चलेगा 14 से 31 अगस्त तक



**गोगावा, निप्र ।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक बीएमओ डॉक्टर अहमद रजा खान बीएमओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिन स्वास्थ्य प्रोग्राम में उपलब्धि कम हुई है उसको पूर्ण करने के निर्देश दिए मीटिंग में सुपरवाइजर स्वास्थ्य एवं महिल बाल विकास विभाग, सी एच ओ, ए. एन. एम. एमपीएचडब्ल्यू. सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

जितेंद्र पाटीदार द्वारा दस्तक अभियान की जानकारी दी। दस्तक अभियान का उद्देश्य बाल मृत्यु दर को कम करना है। अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की जांच की जाएगी जिसमें बीमार बच्चों का उपचार किया जाएगा एवं गंभीर बीमार बच्चों को रेफर किया जाएगा। बी पी एम अशीष पंवार द्वारा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम अनमोल पोर्टल में गर्भवती महिलाओं का शीघ्र प्रथम तिमाही में पंजीयन करना, उनकी चार जांच सभी की करना, सभी प्रकार की सेवाएं देना, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान करना एवं उनका प्रबंधन करना, एवं पोर्टल पर इंट्री करना,यूवीन पोर्टल पोर्टल पर टीकाकरण सत्र के दिन बच्चों की इंट्री करना, जिन सब सेंटर से ओवर डीयू बच्चे है उनकी इंट्री दो दिवस मे पूर्ण करने के निर्देश दिए । बीएमओ डॉ अहमद रजा खान द्वारा बताया गया की नियमित टीकाकरण ,एच बी एन सी/एचबी वाई सी, टी बी मुक्त भारत, एनीमिया, कुष्ठ, , कुपोषण की समीक्षा की गई एवं पोर्टल आधारित डाटा एंट्री की स्थिति का मूल्यांकन एवं सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए । सिकल सेल की जांच अधिक से अधिक करना है, एन सी डी कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# योग महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 21 जुलाई को मंडी प्रांगण में

**कसरावद, निप्र ।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोरावा तहसील द्वारा 'स्वस्थ नागरिक, समृद्ध भारत' के संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया । 'घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आज कृषि उपज मंडी प्रांगण तहसील कसरावद में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस महोत्सव के तहत 14 जून से प्रथम चरण के कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है, जबकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जुलाई को मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद अभियान से आम जनता को जोड़ने के लिए आयुष विभाग ने एक विशेष ऑनलाइन व्यवस्था की है, जिसके तहत नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) कराने की अपील की गई है। आम जनता घर बैठे ही टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर कॉल करके अपना मुफ्त पंजीयन सुनिश्चित करा सकती है। पंजीकरण पूर्ण होने के बाद नागरिकों के व्हाट्सएप नंबर पर सीधे योग प्रशिक्षण सत्र की लिंक और समय की जानकारी भेजी जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोरावा विभाग के डॉ. कैलाश सांकले तथा डॉ. रोहित ठाकुर द्वारा सभी नागरिकों से इस डिजिटल माध्यम के जरिए पंजीयन कराकर सत्र से जुड़ने, प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग व प्राणायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया है।

## विमलनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक मनाया

**सनावद, निप्र ।** श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जैन धर्म के तेरहवें तीर्थकर भगवान विमलनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान का जलाभिषेक, शांतिधारा पूजन कर मोक्षगमन का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया। पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि काम्पिल्य नगर के राजा कृतवर्मा एवं रानी जयश्यामा के राजमहल में जन्मे तीर्थकर विमलनाथ को हेमन्त ऋतु में बर्फ की शोभा को तत्क्षण विलीन होते देखकर संसार से वैराग्य हो गया। अतः उन्होंने दिगम्बर जिनदीक्षा धारण कर तीन वर्ष तक कठोर तप साधना की जिसके फलस्वरूप उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई। धर्म क्षेत्रों में प्रचार के बाद आपने पावन सम्मेद शिखर जी से मोक्ष प्राप्त किया था। इस मौके पर कमलेश भूच, नरेश पाटनी, जंगलेश जैन, शैलेन्द्र जैन सहित अनेक महिलाओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया।

## खरगोन कलेक्टर को दी शुभकामनाएं...

**खरगोन, निप्र ।** कलेक्टर भव्या मित्तल के शानदार कार्यकाल में उन्होंने जिले के विकास में सराहनीय योगदान दिया। उन्हें संवेदनशील प्रशासक के रूप में ख्याति मिली अपने पद पर रहकर लगभग डेढ़ वर्ष के सेवाकाल के दौरान क्षेत्र में अनेको रचनात्मक कार्य किए।

प्रशासनिक एवं कौशल को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्व विद्यालय में 'लोक प्रशासन' विषय पर दो वर्षीय उच्च अध्ययन कार्य के लिए प्रस्थान क़र रहीं है । इसी उपलब्धि पर जिला भाजपा अध्यक्ष नंदा ब्राम्हणे, मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक आशीष मेहता, संस्कार भारती के भानु तिवारी विजय पटेल ने कलेक्टेड पंहुचकर सुश्री भव्या मित्तल का सम्मान क़र उन्हें स्मृती चिन्ह भेंट किया।

अपने सम्मान से अभिभूत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने खरगोन जिले वासियो से मिले सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की उन्होंने कहा कि खरगोन जिला हर क्षेत्र में अपनी शानदार पहचान के लिए जाना जाता है अवसर पर रेखा राठौड़ भी मौजूद रही।

## सफाईकर्मियों ने दशा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**महेश्वर, निप्र ।** नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या के निर्देशानुसार दशा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता शाखा की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घाट की साफ-सफाई की।

नर्मदा तट के दशा घाट पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, सीएम प्रियंक पंड्या के निर्देशों का पालन करते हुए नगर परिषद सफाई कर्मियों ने घाट परिसर में सघन सफाई अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। सीएमओ प्रियंक पांड्या ने पर्यटकों व दशा कर्म में शामिल होने वाले लोगों से अनुरोध किया कि नर्मदा का हर घाट साफ रहे, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

**एक नजर में** | **वन विभाग ने शुरू की मुआवजा प्रक्रिया**

# खले में घुसा तेंदुआ, दो बछड़ों का किया शिकार



**नवभारत न्यूज़**

**कसरावद, निप्र ।** क्षेत्र के ग्राम कोगावां में गुरुवार तड़के तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सुबह करीब 5 बजे तेंदुए ने अंतर पिता मांगीलाल के खले (पशुबाड़े) में घुसकर गाय के दो छोटे बछड़ों पर हमला कर दिया। हमले में दोनों बछड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत बछड़ों की उम्र लगभग 16 से 17 माह बताई जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, घटना के समय तेंदुआ अंतर के खले के आसपास दिखाई दिया था। प्रत्यक्षदर्शी बीजू पिता भीलू ने बताया कि उसने सुबह तेंदुए को खले के पास देखा था। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिपलगोन वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृत बछड़ों के शरीर पर मिले गहरे दांतों के निशानों और अन्य साक्ष्यों की जांच की। प्रारंभिक जांच में ही हमला तेंदुए द्वारा किए जाने की आशंका जताई गई। इसके बाद विभाग ने पंचनामा तैयार कर दोनों बछड़ों का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि उनका शिकार तेंदुए ने ही किया था। वन विभाग ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए वन विभाग से नियमित गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग पिपलगोन के परिक्षेत्र सहायक ओमकार डावर ने बताया, 'घटना की सूचना मिलते ही हमारी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया तथा मृत बछड़ों का पोस्टमार्टम कराया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि दोनों बछड़ों का शिकार तेंदुए द्वारा किया गया है।

## लायंस क्लब सनावद सृजन ने किया नगर के डॉक्टरों का सम्मान



**सनावद, निप्र ।** 1 जुलाई 7 लायंस क्लब सनावद सृजन द्वारा विश्व डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सकों का भव्य सम्मान किया गया। क्लब की अध्यक्ष उर्मिला जैन एवं सचिव अंजलि शर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने डॉ. ओ.पी. अग्रवाल तथा डॉ. ओम साई राम के निवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प माला पहनाई और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, सहसचिव प्रतीक मिश्रा तथा उपाध्यक्ष सुरेंद्र बिरला ने भी उपस्थित रहकर डॉक्टरों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके समाज के प्रति अथक सेवा भाव का सम्मान किया।